तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025



11 राजकीय महाविद्यालय में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित



12 भाजपा ने नारनौंद में निकाली तिरंगा यात्रा




## खबर संक्षेप

### तहबाजारी टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत रेलवे स्टेशन और स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटवा कर की। टीम ने नागौरी गेट और राजगुरू मार्केट से अतिक्रमण हटाया। टीम ने सेक्टर 14 से अतिक्रमण हटाया। पुल तेलियान स्थित सुंदरदास गुरुद्वारे के सामने फड़ी लगाने वालों को चेतावनी देकर कहा कि आज अपना अतिक्रमण हटाले अन्यथा गुरुवार को सामान लगा हुआ मिला तो उसको जब्त किया जाएगा।

### पुलिस ने जवानों को दिलाई नशामुक्त भारत की शपथ

**हिसार।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस कार्यालय में पुलिस जवानों को नशा न करने एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त कराने के लिए शपथ दिलाई गई। यह शपथ वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर जवानों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशामुक्त रहेंगे, अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशामुक्ति के संदेश को फैलाएंगे तथा नशे के सभी रूपों का विरोध करेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर नई अनाज मंडी में लगेगा चिकित्सा कैंप

**हिसार।** नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 15 अगस्त को निशुल्क चिकित्सा परामर्श व मुफ्त दवा वितरण कैम्प लगाया जाएगा। प्रधान अनिल जैन ने बताया कि इसमें शहर के सुप्रसिद्ध व अनुभवी चिकित्सकों डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. साक्षी, डॉ. प्रिया पांडे, डॉ. मोनिका सिंगला, डॉ. उर्वी मित्तल, डॉ. अनूप गोयल, डॉ. पुनीत गोयल द्वारा सभी प्रकार के दांत, शूगर, थायरायड, छाती, पेट, चर्म एवं गुप्त रोग, आंख, बच्चों व जोड़ों से संबंधित रोगों की जांच व एचबी, शुगर व ब्लड ग्रुप टैस्ट फ्री करने के साथ दवाईयां भी दी जाएंगी।

### एसोसिएशन ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के नवनियुक्त कुलपति के साथ लुवास नॉन-टीचिंग एंप्लॉइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट के लिए चाय बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रधान दयानन्द सोनी, वरिष्ठ उप प्रधान रविन्द्र लोहचब (फौजी), उपप्रधान अमित गुर्जर, महासचिव संदीप कुंडू, सचिव कुलदीप सैनी, प्रचार सचिव शैलेन्द्र गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में रही श्रावणी पर्व की धूम

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में श्रावणी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों को श्रावणी पर्व एवं वैदिक धर्म का महत्व समझाया गया। कक्षा चौथी और छठी के विद्यार्थियों ने भजन गायन के द्वारा विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने महापुरुषों की शिक्षाओं को एक लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। छठी के विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद विषय पर कविता लेखन की गतिविधि में भाग लिया।

### ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर दिखाई सख्ती

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। बिना नम्बर लगी प्लेट व बिना कागजात मोटर साइकिल का टोल प्लाजा पर 10500 रुपये व तोशाम चौक हांसी पर शराब पीकर मोटर साइकिल चलाने में ड्रिंक एंड ड्राइव का 17500 रुपये, टोल प्लाजा पर ब्लैक फिल्म लगी कार का 15000 रुपये का चालान किया।

---

कैमरी रोड स्थित राजाराम गार्डन कॉलोनी के मकान में वारदात

# दोस्त के बंद मकान से मिला युवक का शव, पिता ने जताई हत्या की आशंका

- एफएसएल टीम ने घर की बारीकी से जांच की
- घटना के बाद पुलिस ने मकान को पूरी तरह सील किया
- रक्षाबंधन पर युवक को पड़ोसियों ने देखा अंतिम बार

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार



**हिसार।** वह मकान, जिसमें युवक का शव मिला।

शहर के कैमरी रोड स्थित राजाराम गार्डन कॉलोनी से एक बंद पड़े मकान में एक गली सड़ी हालत में शव मिला है। सुबह आस-पड़ोस के लोगों को घर से बदबू आने पर शक हुआ। इसके बाद घर के मालिक अमन को पड़ोसियों ने सूचना दी। अमन ने जब आकर देखा तो एक शव कमरे में जमीन पर पड़ा था और उस पर कीड़े लग गए थे।

इसके बाद मकान मालिक अमन ने डायल 112 को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर की अच्छी से तलाशी ली और शव को अस्पताल पहुंचाया। एसएफएल टीम ने घर की बारीकी से जांच की। शव की पहचान गांव लांधड़ी निवासी लगभग 23 वर्षीय अभिषेक के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जानकारी युवक के परिजनों को दे दी है। अभिषेक के पिता कैलाश ने हत्या का अंदेशा जताया है। पुलिस ने युवक का शव अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में पिता के बयान पर आगामी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मकान को पूरी तरह सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि अमन और अभिषेक में दोस्ती है। अमन राजा गार्डन कॉलोनी में दो कमरों का मकान है। मकान के साथ एक स्टोर है और आगे पूरी जमीन खाली पड़ी है। रक्षाबंधन के दिन 9 अगस्त को अमन कमरों में सफाई करने के बाद एक कमरे को ताला लगाकर गया था। अभिषेक अक्सर अमन के मकान पर आता रहता था। रक्षाबंधन पर युवक को पड़ोसियों ने अंतिम बार अभिषेक को वहां पर देखा था। पड़ोसियों ने बताया कि यह मकान अकसर बंद ही रहता था। इसलिए कभी नोटिस नहीं किया कि यहां कोई रहता भी होगा। आज जब मकान से काफी बदबू आने लगी तो मकान मालिक को इसकी जानकारी दी थी। पड़ोसी कृष्ण कुमार ने बताया कि सुबह से ही पड़ोस के मकान में बदबू आ रही थी। इसके बाद आसपास के लोगों ने घर तरफ जाकर देखा तो और तेज बदबू आने लगी। हमने मकान मालिक अमन को फोन कर बताया। अमन ने आकर देखा तो घर में लड़का मरा हुआ पड़ा था। युवक की लाश उलटी पड़ी थी। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पड़ोसियों ने बताया कि पुलिस के अनुसार युवक को मरे चार दिन हो चुके हैं। रक्षाबंधन के बाद से यह दिखा नहीं है।

## मुंढाल-सोरखी के बीच कैंटर ड्रेन में पलटी, उत्तर प्रदेश से गोगामेड़ी जा रहा था वाहन, आठ को मामूली चोटें



**नारनौंद।** हिसार-दिल्ली सड़क मार्ग पर मुंढाल से सोरखी के बीच बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश से गोगामेड़ी जा रही एक कैंटर अचानक अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे उतर गई और सड़क किनारे ड्रेन में जा गिरी। कैंटर में सवार काफी युवक घायल हो गए जिनका इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव संदलपुर से कुछ लोग कैंटर में सवार होकर गोगा मेड़ी जा रहे थे। कैंटर में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें 5 बच्चे भी शामिल थे। बुधवार की सुबह जब वह बास क्षेत्र के गांव सोरखी और मुंढाल के बीच पहुंचे तो अचानक से कैंटर अन्य नियंत्रित होकर ड्रेन में जा गिरी। इस हादसे में करीब आठ लोग घायल हो गए। जिनमें 35 वर्षीय प्रदीप, उसकी पत्नी राजपति, बनिता, नितिन, अनीता, कमलेश, हुकुमचंद शामिल है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। सूचना मिलते ही बास थाना के अंतर्गत आने वाली सोरखी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया।

## बाइक के आगे अचानक बेसहारा पशु आ जाने से युवक की मौत

**बरवाला।** जींद रोड पर बुधवार की अलसुबह बाइक के आगे अचानक बेसहारा पशु के आ जाने से बाइक सवार की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर हिसार नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई गांव खरक पूनिया निवासी विक्रम के ब्यान पर इतफाकिया कार्रवाई की है। इस मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल राजबीर सिंह ने बताया कि लगभग 29 वर्षीय सुनील बुधवार प्रातः साढ़े 5 बजे अपने काम के सिलसिले में बाइक पर सवार होकर अपने गांव खरक पूनिया से बरवाला शहर आ रहा था तो बीच रास्ते बरवाला बाईपास रॉयल सिटी के समीप बाइक के आगे अचानक बेसहारा पशु के आ जाने से बाइक सवार सुनील का संतुलन बिगड़ गया और वह मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार सुनील को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनील मेहनत मजदूरी करता था और अविवाहित था।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ।

## अन्य प्रदेशों में भी बढ़ी हकृवि के उन्नत किस्मों के बीजों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विकसित की गई विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में न केवल हरियाणा बल्कि अन्य राज्यों में भी अपना परचम लहरा रही हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई किस्मों का अन्य राज्यों में प्रचार-प्रसार करने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत समझौते किए जा रहें हैं। इसी कड़ी में विभिन्न उन्नत किस्मों को बढ़ावा देने के लिए स्टार एग्रीसीड्स प्राइवेट लिमिटेड संगरिया हनुमानगढ़ (राजस्थान) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किया गया शोध किसानों तक पहुंचाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। राजस्थान की स्टार एग्री सीड्स संगरिया हनुमानगढ़ के साथ उपरोक्त फसलों के लिए हुए समझौते पर विश्वविद्यालय से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने जबकि कंपनी की तरफ से निदेशक (आरएनडी) डा. ज्ञानेन्द्र सिंह व प्रमुख प्रजनक डॉ. चन्द्रशेखर रंगु ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, डॉ. केडी शर्मा, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, डॉ. अनिल यादव, डॉ. वीरेन्द्र मोर, आदि उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मचारियों पर हमला करने के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने बिजली कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करके उन्हें बंदी बनाने के मामले में गांव खारिया निवासी प्रमोद और उसके पिता राजबीर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शेषकरण ने बताया कि इस संबंध में सदर थाना में बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 11 अगस्त को बिजली निगम की टीम बिजली चोरी पकड़ने के लिए इंडोवेक्स फैक्ट्री के पास एक साइट पर गई थी। इस दौरान बिजली चोरी पकड़ते समय आरोपियों ने टीम पर जानलेवा हमला किया और कर्मचारियों को जबरन बंदी बना लिया।



## हिंदू पब्लिक स्कूल चौधरीवास ने जीती जिला बास्केटबॉल सब जूनियर चैम्पियनशिप

**हिसार।** लड़कों की सब जूनियर जिला बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन हिन्दू पब्लिक स्कूल, चौधरीवास (हिसार) में हुआ जिसमें 14 साल से नीचे आयु वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिन्दू पब्लिक स्कूल चौधरीवास के कोच कृष्ण कुमार ने बताया जिला संयुक्त सचिव अनिल सिहाग, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजबीर सिंह और आयोजक सचिव रोहित श्योराण के दिशा निर्देश में जिला बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अजय श्योराण ने बताया कि लड़कों के वर्ग में हिन्दू पब्लिक स्कूल चौधरीवास की टीम ने मोगा देवी मिंडा मैमोरियल स्कूल बगला (हिसार) की टीम को 23-13 अंक से हराकर जीत दर्ज की और चैम्पियनशिप में पहला स्थान प्राप्त किया।

# नशे की लत से अपनी ऊर्जा व क्षमता नष्ट कर रहे युवा

## गुजवि में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 2000 विद्यार्थियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत विश्वविद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे और विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि भारत युवा शक्ति का देश है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्यवश आज युवाओं का एक बड़ा वर्ग नशे की लत के कारण अपनी ऊर्जा और क्षमता को नष्ट कर रहा है। आंकड़ों से ज्ञात होता है कि देश में करोड़ों लोग नशे की गिरफ्त में हैं, जिनमें अधिकांश युवा हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। कुलपति ने आह्वान किया कि विद्यार्थी इस अभियान के संवाहक बनकर समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत इस शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं सुरक्षा अधिकारियों ने सहभागिता की।




**हिसार।** विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के यजत ने जीता कांस्य



**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल हांसी के छात्र यजत द्वारा के गांव पाबड़ा में आयोजित जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 14 वर्ष से नीचे की ट्राय थलान स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया गया। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है, यजत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को दिया यजत ने कहा कि उनके सहयोग व मार्गदर्शन से उसे यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व कैशियर चंद्रभान गर्ग ने यजत की प्रशंसा की।

## फर्जी वोटरों पर श्वेत पत्र लाए चुनाव आयोग : दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ⏩ उकलाना



**उकलाना।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला।

पूर्व उपमुख्यमंत्री और जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान चुनाव आयोग से फर्जी वोटरों के मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। साथ ही प्रदेश में बढ़ते अपराध और लचर कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। दुष्यंत ने जेजेपी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और 9 दिसम्बर को स्थापना दिवस को बड़े स्तर पर मनाने की योजना भी सांझा की। दुष्यंत चौटाला ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में हाल ही में शुरू की गई वोटर लिस्ट की सफाई की प्रक्रिया लोकसभा चुनाव से पहले क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार को टारगेट करके वोटर लिस्ट से फर्जी वोट हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन यह काम लोकसभा चुनाव से पहले क्यों नहीं हुआ?

## कांग्रेस की सूची में टाइप मिस्टेक ने दो नेताओं को असमंजस में डाला

# बजरंग गर्ग को शहरी व बृजलाल बहबलपुरिया को ग्रामीण जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी

### 11 साल बाद कांग्रेस को मिले जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

करीब एक दशक बाद आई कांग्रेस की संगठन सूची से जहां आम कार्यकर्ता उत्साहित है वहीं जिले के दो नेताओं को इस सूची ने असमंजस में डाल दिया। हालांकि संगठन की ओर से इसे टाइप मिस्टेक बताया जा रहा है लेकिन इस मिस्टेक ने एक नेता से रात को ही मिठाई बंटवा दी वहीं अगले दिन जिला अध्यक्ष के रूप में दूसरा नेता पहुंचा। यही नहीं, इस एक गलती की वजह से कांग्रेस का गुट भी बदल गया।

लाल बहादुर खोवाल सैलजा गुट से आते हैं जबकि बृजलाल बहबलपुरिया रणदीप सुरजेवाला गुट से माने जाते हैं। भले ही स्थिति स्पष्ट हो गई लेकिन इस सूची ने कहीं खुशी कहीं गम वाली हालत अवश्य पैदा कर दी। कांग्रेस संगठन की ओर से मंगलवार देर रात जारी की गई सूचना में हिसार में कांग्रेस ने दो जिलाध्यक्षों के नाम की घोषणा की थी। इसमें शहरी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग और ग्रामीण जिलाध्यक्ष में बृजलाल खोवाल नाम लिख दिया गया। वास्तव में बृजलाल अपने नाम के पीछे बहबलपुरिया लगाते हैं जबकि खोवाल सरनेम वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर लगाते हैं लेकिन कांग्रेस ने अपनी सूची में ग्रामीण जिला अध्यक्ष के नाम के आगे बृजलाल खोवाल लिख दिया। सूची में मिस्टेक को समझते हुए या समय की नजाकत को समझते हुए बृजलाल तो बुधवार दोपहर तक चुप रहे और तक तक स्थिति स्पष्ट भी हो गई कि बृजलाल बहबलपुरिया ही अध्यक्ष बने हैं लेकिन लाल बहादुर खोवाल का उत्साह मंगलवार रात को ही उछालें भरने लगा और उन्होंने रात को सूची आते ही प्रशंसकों से बधाई लेनी व देनी शुरू कर दी।





**हिसार।** कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया तथा शहरी जिलाध्यक्ष बजरंज गर्ग।

### कार्यकर्ताओं से मिले

*नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया कांग्रेस भवन पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जारी लिस्ट में टाइपिंग एरर था जिसके कारण यह गलती हुई। लिस्ट में नाम उनका था मगर सरनेम खोवाल लगा दिया। बृजलाल ने कहा कि अब पार्टी ऑफिस से कंफर्म हो गया है कि जिलाध्यक्ष सूची में जो नाम था वो उनका ही था। उन्होंने कहा कि वे सबको साथ लेकर चलेंगे और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।*

### 990 नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ नारनौंद ने 990 नशीली गोलियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव पाली व हाल मुल्तान कालोनी निवासी जोगेन्द्र के रूप में हुई है।

स्पेशल स्टाफ नारनौंद में तैनात उप निरीक्षक जोगिंद्र सिंह ने बताया कि सीआईए स्टाफ नारनौंद को सूचना मिली थी कि तोशाम रोड़ हांसी के नजदीक एक युवक नशीली दवाई बेचने की फिराक में है। सीआईए स्टाफ नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूचना अनुसार बताए गए युवक को हिरासत में लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने तलाशी ली तो उसके पास लॉराजेपाम नामक 990 नशीली गोलियों बरामद हुई। आरोपी को 990 नशीली टैबलेट के साथ गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**


## योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

# बारिश के मौसम में करें ये योगासन मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक



### रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

### योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण बारिश के इन दिनों आप अस्वस्थ होने और कई तरह के संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है। वास्तव में इनको करने से हमारे भीतर आवश्यकता के अनुसार भरपूर मात्रा में प्राणवायु यानी ऑक्सीजन का प्रवाह होता है। इससे हमारे सभी तंत्र सक्रियता से अपना कार्य करते हैं और हम भीतर से खुद को ऊर्जावान महसूस करते हैं।



### ऊब और अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

### ये आसन हैं अधिक कारगर

वैसे तो योगासन का लाभ सभी मौसमों में हमारे शरीर और मन को मिलता है। लेकिन खासकर जिन आसनों को मानसून में करने से फायदा होता है, उनमें शामिल हैं-सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, बालासन। सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले उसे अच्छी तरह योग्य प्रशिक्षक से जरूर सीख लें। *

### इन बातों का ध्यान रखें

**बारिश के** दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

## हर्बल जोन / रेखा देशराज

# फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा



बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।

**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदबूदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *

## हेल्थ सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

आज के दौर में अच्छी और पूरी नींद कम ही लोगों को आती है। कुछ लोग नींद के बाद भी थकावट महसूस करते हैं तो कुछ अनिद्रा से बेचैन रहते हैं। ऐसे में यहां दी जा रही सलाहें आपके लिए यूजफुल हो सकती हैं।

# क्या आपको भी नींद के बाद महसूस होती है थकावट



हममें से अधिकतर लोगों की पूरे सप्ताह काम में व्यस्तता के चलते नींद पूरी नहीं हो पाती है। यही वजह है कि हमें इंतजार होता है वीकेंड का, जब हम अपनी नींद पूरी करें। कई बार तो अपनी नींद पूरी करने के चक्कर में लोग शनिवार को दिन का बड़ा हिस्सा सोने में ही गुजार देते हैं। नतीजा होता है ओवर स्लीपिंग के कारण सप्ताह के और दिनों के मुकाबले ज्यादा थकान महसूस होना। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव करने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश में नींद न आने और कम सोने, ज्यादा सोने यानी नींद से जुड़ी आम समस्याएं लोगों में देखने को मिलती हैं। ऐसे में जरूरत से ज्यादा सोना, कैसे हार्मफुल हो सकता है, आइए जानें।

**ओवर स्लीपिंग के नुकसानः** हमारे लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना आवश्यक होता है। यदि हम 7 से 8 घंटे की तय सीमा से ज्यादा सोते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता। ज्यादा सोने से हमारे शरीर के अंगों और कोशिकाओं में डेली रूटीन का जो चक्र निर्मित होता है, उसमें गड़बड़ी आ जाती है। इस पैटर्न से पूरे सप्ताह तो हम कम नींद लेते हैं और वीकेंड पर जब ज्यादा सोते हैं तो हममें पाचन संबंधी और हृदय संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि जरूरत से ज्यादा सोने से हमें कम सोने की तुलना में ज्यादा थकान महसूस होती है, जिसके कारण चिड़चिड़ापन और काम में ध्यान न लगना जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कुछ लोग वीकेंड पर बिस्तर पर ही ज्यादातर समय इसलिए रहते हैं कि उन्हें लगता है कि पूरे सप्ताह की थकान मिटाने के लिए नींद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन इस तरह जरूरत से ज्यादा सोने के कारण हमें ज्यादा आलसपन आता है, पढ़ने-लिखने और दूसरे बौद्धिक कार्य करने वालों के लिए तो यह और भी नुकसानदेय होता है, क्योंकि इससे उनकी प्रोडक्टिविटी पर बुरा असर पड़ता है।

**डिसाइड हो स्लीप शेड्यूलः** नींद का भी एक निश्चित शेड्यूल होना चाहिए। जो लोग अपने नींद के सही पैटर्न पर ध्यान नहीं देते, उनको स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पूरे सप्ताह कम नींद लेना और सप्ताहांत पर ज्यादा सोना, उनके मेटाबॉलिक और कार्डियोवेस्कुलर सिस्टम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है।

**ऐसे लें सही नींदः** अगर आप सप्ताह के पांच दिन 7 से 8 घंटे की पूरी नींद लेते हैं तो सप्ताहांत पर ज्यादा सोने की जरूरत नहीं होती। घर का माहौल शांतिपूर्ण बनाकर रखें, सोने का एक समय निर्धारित करें और प्रतिदिन उस निर्धारित समय पर बिस्तर पर आकर लेट जाएं और सोने का प्रयास करें।



**कैफीन से परहेज रखेंः** खाना खाने के बाद, खासतौर से रात का डिनर लेने के बाद चाय और कॉफी पीने से परहेज करें। क्योंकि इनसे भी नींद नहीं आती और नींद न आने से अगले दिन का पूरा रूटीन गड़बड़ा जाता है।

**हल्का भोजन करेंः** रात के समय ज्यादा गरिष्ठ भोजन करने की बजाय हल्का-फुल्का भोजन करें और रात को आठ बजे से पहले ही अपना भोजन करें ताकि भोजन सही प्रकार से पच सके।

**नियमित व्यायाम करेंः** अपनी व्यस्त दिनचर्या में समय निकालकर नियमित योगाभ्यास, मेडिटेशन, वर्कआउट या कोई स्पोर्ट्स की गतिविधि करें ताकि थकान से अच्छी नींद आए।

**फोन और लैपटॉप को रखें दूरः** रात को सोने से पहले अपने सारे ऑफिस के काम निपटाकर सोएं ताकि बेडरूम में लैपटॉप ले जाने की जरूरत न पड़े। सोने के समय खास तौर पर मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें। मोबाइल स्क्रॉलिंग के दौरान घंटों गुजर जाते हैं और अगर एक बार नींद आने पर हम न सोएं तो फिर देर रात तक नींद नहीं आती। *

## डाइट सजेशन

संध्या सिंह

रेनी सीजन में सुबह-शाम के नाश्ते में यंगस्टर्स का मन कुछ चटपटा खाने का करता है। लेकिन हेल्थ का ध्यान रखते हुए आपको ऐसे ऑप्शंस चुनने चाहिए, जो टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी हों।

# इस सीजन में यंगस्टर्स के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट के ऑप्शंस



बारिश के मौसम में युवा अकसर तली-भुनी चीजों की ओर आकर्षित होते हैं जैसे पकौड़े, समोसे, फ्राइड राइस, नूडल्स आदि। लेकिन अगर इस मौसम में वे सुबह और शाम के नाश्तों के लिए हेल्दी विकल्प चुनें, तो इसमें उन्हें बढ़िया स्वाद तो मिलेगा ही, उनकी सेहत भी सुरक्षित रहेगी।

**ओट्स चीलाः** ओट्स चीला सुबह के समय का पसंदीदा स्मार्ट ब्रेकफास्ट हो सकता है। क्योंकि ओट्स में फाइबर ज्यादा होता है, इसलिए यह बच्चों को सुबह पढ़ाई करने या आपको दफ्तर में फ्रेश और एनर्जी से भरपूर भी रखेगा। इसे बनाना भी बहुत आसान है। ओट्स को पीसकर उसमें दही, कटी हुई सब्जियां जैसे गाजर, शिमला मिर्च, प्याज आदि मिला लें। स्वाद के अनुसार हरी मिर्च और मसाले भी डालकर चीले बनाएं और चाय या कॉफी के साथ गर्मा-गर्म ले सकते हैं।

**स्प्राउट भेलः** ये प्रोटीन, फाइबर और मिनरल्स से भरपूर और फायदेमंद नाश्ता है। यह इस मायने में स्मार्ट भी है कि इसे बनाना बहुत आसान है। अंकुरित मूंग या चना, टमाटर, प्याज, नीबू और भुनी मूंगफली को साथ में मिक्स करें। इसमें चाट मसाला मिलाएं और मजे लेकर खाएं। स्वाद तो मिलेगा ही हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद भी होगा।



**स्टीम्ड वेज पनीर मोमोजः** ये शाम के नाश्ते का बढ़िया विकल्प है। तले हुए चाट पकौड़े की जगह अगर स्टीम्ड मोमोज लिए जाएं तो यह हल्के भी होंगे और शानदार भी।


**बेसन टोस्टः** बेसन टोस्ट या बेसन पैन केक भी हेल्दी नाश्ता हैं, जो सुबह के लिए भी शानदार है और शाम के लिए भी। इसमें बेसन प्रोटीन और आयरन से भरपूर होता है। साथ ही प्याज, टमाटर, हल्दी और अजवाइन की मौजूदगी, इसे स्वाद से भी भरपूर बनाती है। नॉनस्टिक तवे में कम तेल पर इसे सेंककर खाएं मजा आ जाएगा।

**फ्रूट-नट योगर्ट बाउलः** आजकल युवा इस नाश्ते को बहुत ज्यादा पसंद कर रहे हैं, क्योंकि यह इंस्टाग्राम फ्रेंडली दिखता है और हेल्दी तो होता ही है। इसे बनाने के लिए ग्रीक योगर्ट में कटे हुए फल जैसे सेब, केला, कीवी डालते हैं। कुछ ड्राई फ्रूट्स और थोड़ा शहद मिलाएं। शानदार स्वाद और हेल्दी नाश्ता रेडी हो जाएगा।

**स्टीम्ड इडली-पुदीना चटनीः** कम ऑयल और ज्यादा टेस्ट पाना है, तो साउथ इंडियन डिश खाएं, जो पेट भारी नहीं करता। चाहें तो रागी इडली या ओट्स इडली भी खा सकते हैं।

**मक्का चाटः** मक्का चाट या भुट्टा चाट भी बारिश की शामों का एक बेहद परफेक्ट नाश्ता है। उबले हुए मक्के में नीबू, मसाला और धनिया डालें और मजे से खाएं। यह पेट के लिए हल्का और शरीर के लिए पौष्टिक होता है। इसके अलावा युवा हेल्दी रहने के लिए सुबह और शाम की चाय के साथ बिस्कुट की जगह ड्राई फ्रूट्स ले सकते हैं। इसके अलावा बारिश के दिनों में इम्यूनिटी बूस्टर नाश्ते में अदरक, हल्दी, तुलसी और काली मिर्च का जरूर इस्तेमाल करें।

**टेस्टी-हेल्दी सूपः** सूप विशेषकर ईवनिंग के लिए बेस्ट ऑप्शन है। जब बारिश के रिमझिम मौसम में हल्की ठंड महसूस हो रही हो, तो गर्मा-गर्म सूप जैसे टमाटर या मिक्स वेज का या फिर मूंग की दाल का न सिर्फ बहुत स्वादिष्ट लगता है बल्कि इस मौसम में इम्यूनिटी बूस्ट करने का भी यह शानदार नाश्ता है। इसमें मल्टीग्रेन या ओट्स ब्रेड का भी शानदार विकल्प मिलता है। *



## खबर संक्षेप

### राजकीय महाविद्यालय में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**हांसी।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य प्रो. शामेंदर बामल ने झंडी दिखाकर किया महाविद्यालय परिसर में आयोजित तिरंगा यात्रा में एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर शामेंदर बामल ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव के संदेश के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यात्रा में एनसीसी इंचार्ज सहायक प्रोफेसर सोमबीर, एनएसएस इंचार्ज सहायक प्रोफेसर संतोष देवी, एनएसएस इंचार्ज सहायक प्रोफेसर संदीप कुमार, सहायक प्रोफेसर सुशीला सहित सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### एमआईएस पोर्टल खुलवाने की मांग

**हांसी।** हांसी प्राइवेट स्कूल संघ ने संघ के सचिव सरदार हरिन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में चंडीगढ़ पहुंचकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे को एक ज्ञापन पत्र सौंपा। संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ढण्ढेरी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हांसी स्कूल यूनियन की मीटिंग में प्रदेश भर के विद्यालयों के एमआईएस पोर्टल खुलवाने के लिए प्राईवेट स्कूल संघ की तरफ से मांग उठाई जाएगी ताकि विद्यालयों के पोर्टल खुलने पर विद्यालय सभी विद्यार्थियों का डाटा अपडेट कर सके। मीडिया सचिव ने आश्वासन दिया कि आपकी इस समस्या का निदान जल्द ही करवाने का प्रयास करेंगे।

### बगला रोड से हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बगला रोड से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को काबू करके उनसे 153.72 ग्राम हेरोइन बरामद की है। गुप्त सूचना मिलने पर बगला रोड पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम फतेहाबाद के भिरड़ाना निवासी अमरजीत उर्फ मिंटा व पवन उर्फ पन्नू बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से पॉलिथीन की थैली में छिपाकर रखी गई 153.72 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### मेयर ने किया वार्ड 16 के कार्यों का निरीक्षण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज वार्ड 16 के कार्यों का निरीक्षण किया जिसमें सफाई व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट के कार्य, पटेल नगर आरयूबी के कार्य, डिवाइडर के कार्य प्रमुख रूप से थे। मेयर को वार्ड पार्षद व क्षेत्रवासियों ने बेसहारा पशुओं की समस्या से अवगत करवाया तो पोपली ने कहा कि बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान एक अगस्त से 31 अगस्त तक चलाया जा रहा है। जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आदेशित किया कि यहां भी अभियान के तहत बेसहारा पशुओं का पकड़ा जाए। सफाई व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त ने सीएसआई राजकुमार को आदेशित किया कि डोर-टू-डोर गाड़ियां समयानुसार पहुंचे यह सुनिश्चित करें। निगमायुक्त नीरज ने पटेल नगर आरयूबी में पानी के रिसाव को लेकर उसके स्थाई समाधान करने के अधिकारियों को आदेश दिए।

## राजकीय महाविद्यालय में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित

# हांसी उपमंडल विधायक विनोद भयाना होंगे मुख्य अतिथि

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी, वैकल्पिक समारोह स्थल का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बुधवार को राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने ध्वजारोहण किया व भव्य परेड का निरीक्षण किया।

परेड की कमान पीएसआई कपिल देव ने संभाली। फाइनल रिहर्सल के उपरांत एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमा पूर्ण एवं धूमधाम से मनाने के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि होंगे। समारोह के दौरान बरसात होने की स्थिति में समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन तथा एसडीएम राजेश खोथ ने वैकल्पिक समारोह स्थल का दौरा किया।



हांसी। वैकल्पिक समारोह स्थल का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन तथा एसडीएम राजेश खोथ।

### चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर : एसपी

**हांसी।** राजकीय महाविद्यालय में 15 अगस्त को होने वाले 79वें स्वाधीनता दिवस समारोह को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्वाधीनता दिवस समारोह और उससे पूर्व शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। और शहर में काफी स्थानों पर नाके लगा कर आने जाने वाले प्रत्येक संदिग्ध पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित ने बताया कि उपमंडल में स्वाधीनता दिवस समारोह को मनाने को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। जिसे लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। और सुरक्षा के मद्देनजर शहर में पुलिस अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं तथा बम स्क्वॉड टीम द्वारा कार्यक्रम स्थल, बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन आदि को चैक किया गया। जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नाके स्थापित किए गए हैं। वहीं काफी संख्या में पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है।

### नारनौंद में विधायक रणधीर पनिहार करेंगे ध्वजारोहण

**नारनौंद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस को गरिमा पूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। उप मंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन संयुक्त कार्यालय परिसर में किया जाएगा। बरसात होने की सूरत में समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी में करवाया जाएगा। समारोह में विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि होंगे। एसडीएम विकास यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बताया कि मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद उनके द्वारा परेड का निरीक्षण और उपमंडल वासियों को संबोधित किया जाएगा। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की सांस्कृतिक टीमों द्वारा देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत प्रस्तुति दी जाएगी।



हिसार। पौधरोपण करती प्राचार्या प्रो. उर्मिला मलिक व अन्य।

### छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय में पौधरोपण

**हिसार।** नशा मुक्ति भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने और मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नशा मुक्ति अभियान में योगदान देने की शपथ ली गई। प्राचार्या प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान प्रकोष्ठ के सदस्यों के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रेमसुख की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. शालिनी, प्रो. पूर्णिमा, डॉ. अजीत, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका आदि उपस्थित रहे।

### टैगोर स्कूल की छात्रा पलक ने किया अद्भुत बौद्धिक प्रदर्शन

**नारनौंद।** टैगोर स्कूल नारनौंद की छात्रा पलक ने खंड स्तरीय साइंस सेमिनार में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं जिलास्तर के लिए क्वालीफाई करते हुए समस्त नारनौंद ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। साइंस सेमिनार में भाग लेने वाली छात्रा पलक टैगोर स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा है। इस साइंस सेमिनार का विषय था क्वांटम एज बिगिन पोटेंशियल एंड चैलेंज, जिसमें पूरे ब्लॉक के सभी एचबीएससी एवं सीबीएससी बोर्ड स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसमें 20 अंक की लिखित परीक्षा हुई। स्कूल की छात्रा पलक ने इसमें पूरे 20 अंक प्राप्त किए। इसके बाद हुए विषय के संपूर्ण वर्णन एवं प्रश्नोत्तर से पलक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आगामी जिलास्तरीय सेमिनार में पलक नारनौंद ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## हैप्पी स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हैप्पी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के संयोजक विजेंद्र वर्मा, स्कूल डायरेक्टर व प्राचार्य सुरेंद्र बेरवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सतर्कता विभाग की पूर्व पुलिस महानिदेशक व मिशन तिरंगा मेरी शान के राष्ट्रीय संयोजक शील मधुर व कार्यक्रम की अध्यक्षता संत विजेंद्र दास ने की। तिरंगा यात्रा हैप्पी पब्लिक स्कूल से शुरू हो कर जींद चौक, बड़सी गेट होते हुए लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक पहुंची और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल प्राचार्य सुनील बेरवाल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर संत दिव्यानंद, शेर सिंह प्रजापति, सब्जी मंडी प्रधान अनिल चावला, फतेह सिंह गुर्जर, ढ़ाणी कुम्हारान सरपंच अनूप कुमार, पर्यावरण संरक्षक प्रीत कुमार सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



हांसी। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते सतर्कता विभाग की पूर्व पुलिस महानिदेशक व मिशन तिरंगा मेरी शान के राष्ट्रीय संयोजक शील मधुर व संत विजेंद्र दास।

### खंड स्तरीय साइंस सेमिनार में लोटस स्कूल की हितांशी रही प्रथम

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय साइंस सेमिनार में हिस्सा लिया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने बताया कि लोटस स्कूल की तरफ से कक्षा दसवीं की



हितांशी ने हिस्सा लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में उकलाना क्षेत्र के अनेक स्कूलों से आए हुए सैकड़ो प्रतिभागी उपस्थित रहे। स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने विजेता प्रतिभागी को मेडल पहनकर सम्मानित किया और साइंस अध्यापक कुलदीप सिंह की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा में आगे बढते रहने के लिए आने वाले हर सेमिनार, एग्जिबिशन इत्यादि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## डीपीएस के टेबल टेनिस खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार के खिलाड़ियों ने महेंद्रगढ़, हरियाणा में 10 से 12 अगस्त तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 15वीं अंडर-14 बॉयज़ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

टीम इवेंट में मौर्य, प्रणव, आहिल और दक्ष ने बेहतरीन तालमेल और खेल-भावना का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही मौर्य ने व्यक्तिगत वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन चारों खिलाड़ियों ने अब सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है जो 3 से 8 अक्टूबर तक सूरत, गुजरात में आयोजित होगी। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों उनके प्रशिक्षकों तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।



हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ विजेता खिलाड़ी व कोच।

## हर घर में तिरंगा फहराकर नागरिक दें सम्मान

■ तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व मंत्री अनूप धानक ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा फहराने के सम्मान को लेकर तिरंगा यात्रा निकल जा रही है।

इसी कड़ी में बुधवार को किसान विश्रामगृह से लाला लाजपत राय की चौक तक भारत मां के जयकारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व पूर्व मंत्री अनूप धानक ने किया, जबकि भूप सिंह रोहिल्ला यात्रा संयोजक थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दिशा निर्देश में हर व्यक्ति आज तिरंगे को अपने घर पर सम्मान देने का काम कर रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, मोहनलाल, रामफल नैन, आनंद जैन, सुमित लितानी, मनवीर पूनिया, जगदीप रेड्डू, राधिका गोदारा, आरजू थाकन, मनीष नैन, धूप सिंह, जगदीप कुंडू, सुशील पूनिया, संदीप कुंडू, सतीश पूनिया, शमशेर पूनिया, जसवीर श्योराण, जय सिंह बलोदा, प्रभुदत, उषा अनेजा, आदि मौजूद थे।




उकलाना। तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व मंत्री अनूप धानक व अन्य।

## गायिका निशा शर्मा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार को विद्यालय परिसर में भव्य-भक्ति संगीत एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कान्हा जी के चित्र के समक्ष समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका दीदी निशा शर्मा एवं मंडली ने अपनी मधुर वाणी में श्री कृष्ण भगवान की लीलाओं और भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने दीदी निशा शर्मा को सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भजन संध्या के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने भजन संध्या के दौरान श्री कृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और संदेशों से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दी। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, महासचिव नकुल कुमार अग्रवाल, सह सचिव ईश्वर गोयल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल, समिति सदस्य सतपाल बंसल खाण्डे वाले, चंद्रभान गर्ग, वर्षा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, संतोष गर्ग, प्राची गर्ग, प्राचार्या एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल ऋतू सिंह सहित काफी संख्या में विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य उपस्थिति रहे।



हांसी। भजन गायिका निशा शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल व अन्य।

### देश विभाजन विभीषिका का दंश कभी भुलाया नहीं जा सकता : राजेन्द्र सपड़ा

**हिसार।** देश की आजादी से एक दिन पहले मिले विभाजन के दंश को कभी भुला व भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन के समय अनगिनत लोगों ने जहां अपनों को खोया, घर परिवार खोया वहीं अनगिनत



लोगों की जान तक चली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी से एक दिन पूर्व विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का यही प्रयोजन है कि हम अपने उन जानकारों, परिजनों व सगे संबंधियों को याद करें, जो उस समय हमसे किसी न किसी रूप में बिछड़ गए। यह बात भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर अपने विचार सांझा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वे भी परिवार से संबंधित है, जो विभाजन के समय बिछड़कर यहां आया। उनके पिता जी, माता व परिजन बताते थे कि विभाजन विभीषिका के दौरान बड़ा खूनी खेल खेला गया, चारों तरफ तबाही का मंजर, अनेक परिजन, सगे संबंधी व जानकार बिछड़ गए और जो बच गए, वो किसी तरह जान बचाते हुए यहां पहुंचकर अपने कारोबार में लगे।

### भाविप की केशव शाखा 15 को आयोजित करेगी देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य कार्यक्रम

**हिसार।** भारत विकास परिषद की केशव शाखा द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता आंदोलन के बलिदानी वीर-वीरांगनाओं के प्रति समर्पित उतिष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्लॉथ मार्केट के पास स्थित जिंदल पार्क में सायं 5 बजे से देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता शुरू होगी। इस स्पर्धा में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चे बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। भारत विकास परिषद की केशव शाखा के अध्यक्ष मुकेश बंसल ने बताया कि स्वाधीनता की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले मां भारती के अमर बलिदानी वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता के भाव प्रकट करते हुए, छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करने एवं नई पीढ़ी में राष्ट्रीय मूल्यों और संस्कारों का संचार करने के उद्देश्य से उतिष्ठ भारत कार्यक्रम पहली बार हिसार में किया जा रहा है। उतिष्ठ भारत कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, महापौर नगर निगम हिसार प्रवीण पोपली एवं भाविप क्षेत्रीय अधिकारी जियालाल बंसल एवं समाज के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य लोग मां भारती को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### पौधरोपण करो और पर्यावरण बचाओ

**सूचना**

मैं, प्रहलाद पुत्र श्री घासी राम निवासी मकान नंबर 1218/18, सैनियान मोहल्ला, हिसार, तहसील व जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नितिन व पुत्रवधु प्रिंयका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सरोज कुमारी पत्नी श्री सुनील कुमार निवासी माढा तहसील नारनौंद, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरे पति सुनील कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह के पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से सरोज देवी लिखा हुआ है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, स्कूल रिकार्ड आदि कागजात में मेरा नाम सरोज कुमारी है जो सही है। अब मैं मेरे पति के पासपोर्ट में मेरा नाम सरोज कुमार करवाना चाहती हूं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत लाडवी के हनुमान मंदिर, भोमिया मंदिर व कुम्हार धर्मशाला के पास के तीनों जोहड़ों को एक साल के लिये पट्टे पर देने हेतू खुली बोली दिनांक 18/08/2025 को सुबह 11 बजे ग्राम सचिवालय में रखी गई है। इच्छुक बोलीदाता 50 हज़ार रुपये की जमानत राशी जमा करवाकर बोली दे सकता हैं। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

सरपंच, राजबीर सिंह
संपर्क सूत्रः 8571034487, 9588725616

### खो-खो में 19 आयु वर्ग लड़कियों की टीम ने स्वर्ण पदक जीता

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में खिलाड़ियों व छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के सभागार में बुधवार सुबह खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों द्वारा हाल ही में प्राप्त की गई खेल उपलब्धियों और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए समर्पित था। सीबीएसई क्लस्टर 15वीं के खो-खो प्रतियोगिताओं में आयु वर्ग 19 की लड़कियों की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया, जबकि आयु वर्ग 14 की लड़कियों ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही जिला खो-खो प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14 की लड़कियों द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर भी टीम का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 15 अगस्त के उपलक्ष्य में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा से हुई, समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि व विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर खेल कोच नसीब बूरा ने सभी उपलब्धियों की जानकारी साझा की। चेयरमैन आनंद यादव ने कोच नसीब व उनकी पूरी टीम की मेहनत की सराहना की।



हांसी। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन आनंद यादव, उनके साथ हैं स्कूल प्राचार्य नीतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप



हिसार। 'नो रैगिंग' हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### रैगिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाएं : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रॉक्टर विभाग से एंटी रैगिंग मुहिम चलाई गई। इस अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 1700 विद्यार्थियों ने 'नो रैगिंग' हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया तथा रैगिंग के खिलाफ शपथ ग्रहण की। अभियान की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. संदीप राणा ने की।
कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कानून हैं। उन्होंने रैगिंग जैसे अमानवीय कृत्यों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

### वेद प्रचार सप्ताह श्रावणी उपाक्रम जारी

**हिसार।** आर्य समाज लाला लाजपत राय चौक नागोरी गेट हिसार में चल रहे वेद प्रचार सप्ताह श्रावणी उपक्रम का शुभारंभ संसार के सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ से प्रारंभ हुआ। आज तीसरे दिन के यज्ञ के यज्ञमान अशोक गौतम व रेखा गौतम, मांगेराम आर्य व उनकी धर्मपत्नी, सनी आर्य व गीता आर्या, सुषमा गांधी संगीताचार्या रहे। यज्ञ का संपादन आर्य समाज के पुरोहित धर्माचार्य कर्मवीर शास्त्री ने किया। यज्ञ के उपरांत डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी एवं रेखा गौतम का सुंदर भजन हुआ।

### मुक्ति धाम मुकाम के लिए शुरू होगी बस सेवा

**हिसार।** राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित मुक्ति धाम मुकाम के लिए अब हिसार नियमित तौर पर हिसार से बस सेवा शुरू होगी। इस बस को पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई 16 अगस्त को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने बताया कि 16 अगस्त को सुबह 9.15 बजे हिसार बस स्टेंड से सीधे मुक्ति धाम मुकाम के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई रवाना करेंगे।

### पद समाप्त करने पर कर्मियों ने रोष जताया

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के निर्देशानुसार आईबी मैकेनिकल ब्रांच हिसार की आम सभा की बैठक ब्रांच प्रधान विनोद फौजी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव दीपक मेहरा ने किया। आम सभा में युक्तिकरण के नाम पर बड़ी मात्रा में तीनों विभागों में पद समाप्त करने को लेकर रोष जताया गया। आम सभा को यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, जिला प्रधान ओमप्रकाश माल, जिला चेयरमैन नरेश गौतम मौजूद रहे।

उपायुक्त ने किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में नजर आई देशभक्ति



1. सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे
2. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण किया तथा परेड़ की सलामी ली। उन्होंने मार्च पास्ट करने वाली टुकडिय़ों का निरीक्षण भी किया। इससे पूर्व उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन तथा अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने लघु सचिवालय परिसर के नजदीक स्थित शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।
15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हांसी उपमंडल स्तर पर विधायक विनोद भयाणा, बरवाला में हिसार विधायक सावित्री जिंदल, नारनौंद में नलवा विधायक रणधीर पनिहार ध्वजारोहण करेंगे। उपायुक्त ने समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम ज्योति मित्तल, उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, डीपीई कुलदीप नैन सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पुलिस ने किए कड़े सुरक्षा प्रबंध

- बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस पर चलाया गहन चेकिंग अभियान

**हिसार।** जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह एचएयू के गिरी सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।
परेड की कमान उप पुलिस अधीक्षक श्रद्धा सिंह (एचपीएस) के हाथों में होगी। समारोह के लिए पुलिस ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। समारोह में जिला पुलिस हिसार की दो प्लाटून, हरियाणा आर्म्ड पुलिस की एक प्लाटून, हरियाणा गृह रक्षी की एक प्लाटून, एनसीसी (लड़के-लड़कियां) की छह प्लाटून और स्काउट्स (लड़के-लड़कियां) की दो प्लाटून शामिल होंगी।
पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि समारोह को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस द्वारा समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सघन चैकिंग की जा रही है। साथ ही बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस आदि की गहन जांच भी शामिल है।
भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। समारोह के दिन गिरी सेंटर के गेट नंबर 1, 3 और 4 पर नाकाबंदी की जाएगी। यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस उप अधीक्षक तनुज शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आगंतुकों के लिए फुटबॉल और क्रिकेट मैदान में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। फाइनल रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए।



## हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर में छात्रों को दिए टिप्स

*परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी द्वारा विद्यालय प्रांगण में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और मार्च पास्ट, सही बैठने एवं खड़े होने की मुद्रा, आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया जैसी महत्वपूर्ण बातें बारीकी से सीखी। इसके साथ ही उन्हें टीमवर्क, अनुशासन, प्राथमिक उपचार तथा नेतृत्व गुणों का भी प्रशिक्षण दिया गया। नरेश ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण सुझाव देकर उनका आत्मविश्वास एवं ज्ञान बढ़ाया।
विद्यालय के प्राचार्य अमित गौड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह की सराहना की तथा सीखी हुई बातों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की भावना जगाने में अत्यंत सफल रहा।
संस्थान की चेयरपर्सन डॉ.एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण, संयोजक प्रवीन परूथी व प्रशासक मनदीप सिंधु ने स्कूल प्राचार्य को बधाई देते हुए सभी स्काउटस के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि वह अपने जीवन में अनुशासन को पूर्ण रूप से लागू करें। जिस भी छात्र में अनुशासन होगा वह जिंदगी में हमेशा बुलंदियों को छूने का काम करेगा।

*बाबा प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान ने जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा*

## भगवान श्रीकृष्ण कलयुग के अवतार : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान द्वारा जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें गणेश, भगवान श्री राम चन्द्र, बाबा हनुमान, श्री राधा कृष्ण, श्री माता लक्ष्मी विष्णु भगवान के साथ-साथ खाटू श्याम की भव्य झांकियां बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों व भजनों की टोलियों के साथ निकाली गई।
प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन्माष्टमी उत्सव पर शिवालय मन्दिर को भव्य रूप से सजाया गया है। गर्ग ने कहा कि 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर मन्दिर के प्रागण में विभिन्न प्रकार की सभी देवी-देवताओं की झांकियां बनाई गई है। भगवान श्री कृष्ण जी कलयुग के अवतार है जिनके अनेक रूप है।
इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, सचिव सुरेंद्र सिंगला, मुख्य अध्यापक सतेंद्र गोयल, जगत नारायण, सत्यपाल बागड़ी, रमेश पटवारी, गुलशन महाजन, जगदीश प्रधान, सज्जन गुप्ता, एनके गोयल, डॉ. मोहन तनेजा, सुरेन्द्र कुमार बांगा, ऋषि राज बुडाकिया मौजूद रहे।



हिसार। शोभायात्रा में भक्तों को संबोधित करते प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

*'आम उगाओ, आमदनी बढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ' को मिली नई उड़ान*

## आम्रपाली स्मारिका का विमोचन, लक्ष्मीबाई कॉलेज की पहल की हुई जमकर सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चंडीगढ़ में हरियाणा की कला एवं संस्कृति पर परिचर्चा के अवसर पर 'आम्रपाली स्मारिका का विमोचन भी हुआ। यह स्मारिका का विमोचन नहीं बल्कि एक जन-जागरण की दिशा तय की गई। हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग के कमीश्नर एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल इस अवसर पर मुख्यातिथि थे और सूचना, जनसम्पर्क और भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खनगवाल समारोह में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की ओर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष को सम्मानित किया गया।
कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया कि 'आम्रपाली' केवल एक स्मारिका नहीं बल्कि एक मिशन का दस्तावेज है। इसमें उस ऐतिहासिक पहल का विवरण है जिसके अंतर्गत बालसमंद क्षेत्र के किसानों को 1000 आम्रपाली आम के पौधे वितरित किए गए ताकि वे अपनी आमदनी बढ़ा सकें और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। अपने संबोधन में कमीश्नर एवं सचिव अमित अग्रवाल ने महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने 'अम्रपाली' स्मारिका की सामग्री और प्रस्तुति की भी सराहना की। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. चंद्र त्रिखा, इतिहासकार डॉ. एम.एम. जुनेजा, शिक्षाविद् डॉ. आशा बावा, उद्योगपति प्रदीप गर्ग, तुषा गर्ग, नाजी मुंजाल, विजेंद्र कुमार, डेजी अहलावत, बीना राव, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. अजीज प्रधान, कॉलेज की निदेशक डॉ. नीलम प्रभा और उर्वशी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




हिसार। आम्रपाली का विमोचन करते हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग के कमीश्नर एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## बीकानेरवाला के नए आउटलेट का उद्घाटन किया



हिसार। आउटलेट का उद्घाटन करते बीकानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्याम सुंदर अग्रवाल।

**हिसार।** बीकानेरवाला ने अपने नवीनतम आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया है। यह 100 फीसद शाकाहारी रेस्टोरेंट है जो मल्टी-कुजीन भोजन और विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ क्यूएसआर प्रारूप में प्रदान करता है। बीकानेरवाला पारंपरिक भारतीय मिठाइयों का एक लोकप्रिय ब्रांड है। नया आउटलेट, हिसार- दिल्ली बाइपास रोड, एनएच-9, कुतुबपुर में स्थित है। बीकानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्याम सुंदर अग्रवाल ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 -26 में, कंपनी 50 प्लस नए आउटलेट जोड़ने के साथ-साथ ब्रांड को ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में लॉन्च करने की योजना बना रही है। इसके अलावा घरेलू बाजार में कर्नाटक, झारखंड और बिहार में विस्तार करेगी। औसतन, बीकानेरवाला रेस्टोरेंट्स में प्रति माह 1 करोड़ ग्राहकों की आश्चर्यजनक संख्या दर्ज होती है।

## एईएसएल ने एंथे के 16 शानदार वर्षों का जश्न मनाते हुए लॉन्च किया एंथे 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्ज़ाम) की शुरुआत का ऐलान किया है।
सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है।
उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी। इसके साथ ही 2.5 करोड़ तक के कैश अवॉर्ड्स भी दिए जा रहे हैं, जो मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह एक नेशनल-लेवल एलिजिबिलिटी-कम-स्कॉलरशिप टेस्ट है, जो 24 अगस्त, 31 अगस्त और 7 सितंबर 2025 को आयोजित होगा। तीन घंटे की यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में उपलब्ध होगी, जिसकी एप्लिकेशन फीस 300 रुपये है।




हिसार। एंथे 2025 को लॉन्च करते आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रतिनिधि।

## आईएमए प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री गंगवा से की मुलाकात



**हिसार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के चिकित्सकों का एक प्रतिनिधिमंडल कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से उनके निवास पर मिला और आयुष्मान भारत पैनल अस्पतालों को हरियाणा में हो रही कठिनाइयों के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने योजना के अंतर्गत आ रही संचालन एवं वित्तीय समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। आईएमए हिसार ने इन मुद्दों पर एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मामले को प्राथमिकता से देखने और समाधान खोजने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

**अभियान** शहीदों और सीमा पर जवानों की वजह से ले रहे खुली हवा में सांस : सोनू डाटा

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारनौंद में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

देश के शहीदों और सीमा पर जवानों की वजह से ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। किसी में इतनी ताकत नहीं है कि कोई हमारी तरफ आंख उठा कर भी देख सके। यह बात जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा ने नारनौंद में तिरंगा यात्रा के उपरांत भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। बुधवार को बीडीपीओ कार्यालय से भाजपा कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़, महिला जिला प्रधान नीलम जांगड़ा ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया।
बास मंडल में भी मंडल प्रधान सोनू सैनी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है और अनेक वीरों ने कुर्बानी देकर हमारे देश को आजाद करवाया है जो वीर देश के लिए शहीद होता है उसका पार्थिव शरीर तिरंगे में ही आता है सभी लोगों को तिरंगे झंडे का सम्मान करना चाहिए और तिरंगे के लिए अपनी जान की बाजी लगा देनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे सेना के जवानों ने दिखा दिया कि हम किसी से काम नहीं है और जो भी हमारी तरफ आंख उठा कर देखेगा उसको घर में घुसकर करारा जवाब देने का काम करेंगे।



नारनौंद। बास मंडल में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू डाटा, जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, जयबीर माजरा, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़, चेयरमैन शमशेर कूकन, महावीर श्योराण, दीपक लोहान, कुलदीप गौतम, पार्षद सुनील बैरागी, नरेश वर्मा, सुरेश एमसी, राजेंद्र लांबा, ईश्वर बडाला, पूर्व चेयरमैन शमशेर सैनी, अमरजीत लोहान, पार्षद मनोज लोहान, सोनू नरवाल, अमित सैनी, जगदीश भैरों इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

**आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी में आज होगी ओपन काउंसलिंग :** आदमपुर। दो ऑनलाइन और एक व्यक्तिगत काउंसलिंग के बाद भी आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। संस्थान के प्राचार्य जगमोहन ढुहन ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा अपनी पसंदीदा ब्रांच में दाखिला लेने और पहले से भरी सीटों के खाली होने के कारण 330 में से 285 सीटें भर चुकी हैं, जबकि करीब 45 सीटें अब भी खाली हैं।

